



### रुद्राक्ष धाम में प्रसिद्ध भजन गायक हंसराज रघुवंशी व वैशाली की भजन संध्या

# भगवान श्रीकृष्ण का जीवन सोलह कलाओं का प्रतिबिंबः कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटैल ने भगवान श्रीकृष्ण का उल्लेख करते हुये कहा कि उनका जीवन सोलह कलाओं का प्रतिबिम्ब था। हम उनके बताये एक भी रास्ते पर चल पाये तो यह बहुत बड़ी बात है। भगवान कृष्ण की हम सब कृपा बनी रहे। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण के जीवन से हमें बहुत संदेश मिलते है। अहंकार एक ऐसी चीज है जो हमें सही मार्ग पर चलने नहीं देती।

रुद्राक्ष धाम बामोरा में आयोजित श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समारोह के मुख्य अतिथि प्रहलाद पटेल ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर आयोजित पवित्र और दिव्य महोत्सव के आयोजन हेतु पूर्व गृहमंत्री एवं विधायक भूपेन्द्र सिंह का आभार व्यक्त किया। साथ ही युवा नेता श्री अविराज सिंह के द्वारा कंठस्थ प्रस्तुत किये वेंकटेश्वर स्त्रोत के लिये सराहना की। उन्होंने कहा कि हम सब हंसराज रघुवंशी जी को सुनने आये है। इसलिये यहां ज्यादा कुछ नहीं बोलूगां। आज जन्माष्टमी है और अपने उद्बोधन में भूपेन्द्र जी ने जो बातें कहीं है उन्हीं को मैं आगे बढ़ाता हूँ। एक दो बातें नहीं बल्कि सौ गालियां सुनने का सामर्थ्य जिसमें है, उसे कृष्ण कहते है। कालिया नाग का जिक्र कर उन्होंने कहा कि जिसने मौत के सिर पर नृत्य किया हो उसे कृष्ण कहते है। सारा सामर्थ्य हो लेकिन सुदामा से मित्रता जिसने की हो उसे कृष्ण कहते है। हम सब जानते है, हम चीजों को समझते है, लेकिन हमारा अहंकार हमें स्वीकार्य नहीं करने देता। अहंकार ऐसी चीज है जो हमको उस मार्ग पर चलने नहीं देती। कृष्ण ने जब दुर्योधन से कहा कि तुम्हें न्याय और अन्याय का फर्क समझ में नहीं आता, तब दुर्योधन ने कहा था कि माधव, मैं न्याय और



अन्याय को जानता हूँ। लेकिन न्याय की मेरी प्रवृत्ति नहीं है। जीवन में आज भगवान श्रीकृष्ण के जन्मदिन रूपी पुण्य दिवस पर यहां मौजूद है। उन्होंने इस बात के लिये पूर्व गृहमंत्री एवं विधायक श्री भूपेन्द्र सिंह की सराहना की, जो उन्होंने रूद्राक्ष धाम जैसे धर्म स्थल को बनाने में बेशकीमती जमीन दान की।

जन्मोत्सव समारोह में स्वागत वक्तव्य देते हुये पूर्व गृहमंत्री, विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने विषैले नाग पर नृत्य करके यमुना नदी के विष को समाप्त कर स्वच्छ नदी लोगों को देने का काम किया। भगवान श्रीकृष्ण को कालियानाग को मारना कोई बड़ा काम नहीं था। उन्होंने कालियानाग को मारकर यह संदेश दिया कि जल का हमारे जीवन में कितना महत्व है। गोवर्धन पर्वत उठाकर एक तरफ जहां इंद्र का अभिमान समाप्त किया। भगवान श्रीकृष्ण ने यह संदेश दिया कि गोवर्धन पर्वत हमारे पर्यावरण के लिये आवश्यक है। भगवान श्रीकृष्ण ने ग्वाला बनकर गौ संरक्षण का भी संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि आज हम जन्माष्टमी मना रहे है और जिसके सारथी स्वयं भगवान श्रीकृष्ण हों, उसका कौन क्या बिगाड़ सकता है। इसलिये भगवान को अपना सारथी बनाओं उनके चरणों में अपना जीवन गुजार दो। उन्होंने हमें धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया है। भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं जीवन हो या युद्ध, सफलता केवल तीन शस्त्रों से प्राप्त होती है। पहला है धैर्य, दूसरा धर्म और तीसरा है साहस।

भगवान श्रीकृष्ण योगेश्वर थे और आज की बात करें तो श्री प्रहलाद पटैल जी योगेश्वर से कम नहीं है। उन्होंने एक संत, साधु, तपस्वी के वेश माँ नर्मदा की है। ऐसा माना गया है कि हमारे देश में सिर्फ माँ नर्मदा की प्ररिक्रमा होती है। जो माँ नर्मदा की परिक्रमा कर लेता है तो समझों उन्हें माँ नर्मदा के दर्शन हो गये। श्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि श्री प्रहलाद पटैल जी संघर्ष, सादगी, सरलता की प्रतिमूर्ति है। वे ऐसे राजनेता है, जो भारत की राजनीति में स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के मंत्रिमंडल में रहे और माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार में भी मंत्री रहे। सरकार में रहते हुये उन्होंने पर्यटन, पर्यावरण, जल संरक्षण, नदियों का संरक्षण, जलजीवन मिशन जैसे क्षेत्रों में बहुत काम किया है, आज भी कर रहे है। उन्होंने लोकसभा में निजी विधेयक प्रस्तुत कर गौ हत्या पर प्रतिबंध लगाने का मामला उठाया बाद में हमारी सरकार ने उस पर काननू बनाया। जो राजनेता होता है वह समाज के कल्याण के बारे में सोचता है। भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि आज उनके पिताजी का भी जन्मदिन है और मैं उनके चरणों में प्रणाम करता हूँ। जिन्होंने मंदिर के लियें 25 एकड़ जमीन दान में दी जो आज रूद्राक्ष धाम के रूप में है।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समारोह में युवा नेता श्री अविराज सिंह ने वेंकटेश्वर स्त्रोत प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म की स्थापना, नीति, जनकल्याण के लिये जन्म लिया था। जिन्होंने संदेश दिया है कि कोई भी व्यक्ति जन्म से नहीं कर्मो से पूजा जा सकता है। उन्होंने अहंकार का विरोध किया है। फिर चाहे वह इंद्र का हो या दुर्योधन हों उनका अहंकार समाप्त किया है। श्री अविराज सिंह ने कहा कि हम सभ युवा श्रीमद्भागवत गीता को पढ़े। जिसमें जीवन के हर प्रश्न का उत्तर है। समारोह में सागर विधायक श्री शैलेन्द्र जैन ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

महोत्सव के प्रारंभ में पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में श्री देव हनुमान जी व भगवान श्री राधा कृष्ण जी के दर्शन किए। रुद्राक्ष धाम मंदिर में भगवान श्री बांके बिहारी जी की संगीतमय आरती में श्री भूपेन्द्र सिंह ने परिवार सहित हिस्सा लिया। तत्पश्चात उन्होंने अपने आध्यात्मिक गुरू बैकुंठ वासी श्री देवप्रभाकर शास्त्री जी के चित्र व पूज्य पिता स्व. श्री अमोल सिंह जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर जन्माष्टमी महोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत की।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी का हुआ आयोजन पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव हुए शामिल

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा के मुख्य सराफा बाजार स्थित श्री देव द्वारकाधीश सराफा मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें हवन पूजन के साथ साथ महाआरती,कीर्तन व भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। ठीक 12 बजे रात में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म के साथ मटकी फोड़ का आयोजन किया गया। देर रात तक चले इस आयोजन में महा प्रसाद का भगवान श्री देव द्वारकाधीश को भोग लगाया गया। आयोजन में पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव भी शामिल हुए जहां मंदिर चरण सेवकों के लोगों द्वारा भार्गव का सम्मान किया गया। नंन्ने मुन्ने श्री कृष्ण कि छवि के बच्चों के साथ मटकी फोड़ी। देर रात चले इस आयोजन में भजन गायकों व कलाकारों के द्वारा भगवान के भजनों ने नगर को वृंदावन बना दिया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी भी आयोजन में शामिल हुए और फूलों में बस रहे हैं श्री वृंदावन बिहारी का भजन सुनाया। श्री देव द्वारकाधीश सराफा मंदिर के चरण सेवको द्वारा किए गए इस आयोजन में मंदिर परिसर में मंदिर यजमानो महाअभिषेक मंदिर पुजारी पंकज प्यासी के सानिध्य में हवन पूजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों के साथ मंदिर चरण सेवक सदस्य व स्वाजातीय लोग व भक्तगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## रोमांचक रहा बालिका वॉलीबॉल का फाइनल मुकाबला

### बालिका वॉलीबॉल में केंद्रीय विद्यालय ढ़ाना व बालक वॉलीबॉल में हॉली फैमिली कॉन्वेंट स्कूल की टीम विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

ग्रेटमेन इंटरनेशनल स्कूल परिसर में चतुर्थ स्वतंत्रता कप चैंपियनशिप 2025 में वॉलीबॉल के फाइनल मैच खेले गए। जिसमें पहला मैच बालिका वॉलीबॉल का केंद्रीय विद्यालय ढ़ाना एवं हॉली फैमिली कॉन्वेंट स्कूल खुरई की टीम के बीच खेला गया। इसमें दोनों ही टीमों ने कड़ी मशक्कत की। हॉली फैमिली स्कूल की बालिकाओं की मेहनत में कुछ कमी कहें या भाग्य का साथ ना देना। पहले दोनों ही टीमों ने एक-एक सेट से बढ़त बनाई। फिर अंतिम तीसरे सेट में केंद्रीय विद्यालय ढ़ाना की टीम ने 2-1 से विजय प्राप्त की। केंद्रीय विद्यालय ढ़ाना की टीम की




ऑलराउंडर खिलाड़ी समृद्धि स्वर्णकार की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। यह लड़की ऐसा लग रहा था मानो संकट मोचन की भूमिका निभा रही हो। इस खिलाड़ी ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। अगला मुकाबला हॉली फैमिली कॉन्वेंट स्कूल खुरई एवं केंद्रीय विद्यालय ढ़ाना की बालक वॉलीबॉल टीम के बीच हुआ। इन दोनों ही टीमों में यूं कहें कि सभी एक से बढ़कर एक खिलाड़ी थे। केंद्रीय विद्यालय ढ़ाना की टीम ने हॉली फैमिली कॉन्वेंट स्कूल की टीम को कांटे की टक्कर दी। किंतु निश्चित है कि जीत तो किसी एक टीम की ही होती है और हॉली फैमिली कॉन्वेंट स्कूल की टीम ने 2-1 से यह मैच अपनी झोली में डाल लिया।

### श्री कृष्ण प्रेम-भक्ति, रुप-सौंदर्य, और गुण सभी में माधुर्यता के सर्वश्रेष्ठ रूप हैंः सरोज गुप्ता

# श्री कृष्ण जहां नीति व नियम होते हैं वहां मुरलीधर होते हैं और जहां छल कपट होता है वह चक्रधर बन जाते हैंः अशोक मिजाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

संस्कृति विभाग एवं उच्च उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के अंतर्गत शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में श्री कृष्ण जन्मोत्सव केउपलक्ष्य में विद्यार्थियों द्वारा मटकी फोड़ तथा श्री कृष्ण -राधा का रूप अभिनय के साथ श्री कृष्ण जी के जीवन एवं उनकी शिक्षा पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सागर के प्रसिद्ध साहित्यकार एवं गजल लेखक अशोक मिजाज थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में एनसीसी के विद्यार्थियों द्वारा मटकी फोड़ कर श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर ढाई बाबा नंद की, जय कन्हैया लाल की , के उदघोष से महाविद्यालय को गुंजायमान कर दिया। व्याख्यान माला का आरंभ अतिथि मिजाज जी एवं प्राचार्य डॉ. गुप्ता द्वारा श्री कृष्ण जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुआ।

इसी क्रम में हिंदी विभाग के डॉ. सुरेंद्र यादव ने उद्धव गोपी प्रसंग द्वारा श्री कृष्ण के प्रति प्रेम समर्पण और श्रद्धा भाव पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। हिंदी विभाग के ही डॉ. अवधेश प्रताप सिंह ने ईश्वर को स्वयंभू बताते हुए श्री कृष्ण जी के के अवतरण के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला, उन्होंने अपनी कविता भी प्रस्तुत की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉसरोज गुप्ता ने भगवान श्री कृष्ण को युग प्रवर्तक एवं 64 कलाओं में प्रवीण बताते हुए कहा कि वे प्रेम-भक्ति भाव, रुप-सौंदर्य, और गुण सभी में माधुर्यता के सर्वश्रेष्ठ रूप हैं, इसी वजह से भक्तिकालीन लगभग सभी कवियों ने उनके जीवन के हर रूप चाहे वह बाल्यकाल हो या यौवन सभी पर प्रचुर काव्य की रचना की है उन्होंने अधरं मधुरं वदनं मधुरं नयनं मधुरं गीत द्वारा श्री कृष्ण जी के माधुर्य को प्रस्तुत किया । कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री अशोक मिजाज ने कहा कि श्री कृष्ण जहां नीति व नियम होते हैं वहां मुरलीधर होते हैं और जहां छल कपट होता है वह चक्रधर बन जाते है।उन्होंने छोटी-छोटी रचनाओं द्वारा श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों को उन्होंने श्री कृष्ण जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए परिश्रम करने की अपील की,साथ ही आज की विपरीत परिस्थितियों में श्रीकृष्ण जी को उलाहना देते हुए गजल प्रस्तुत की -'लगी दिल की हमसे कहीं जाए ना, गजल आंसुओं से लिखी जाए ना। उठा ले कन्हैया सुदर्शन तू, कि तेरी मुरली अब सुनी जाए ना । इसी तरह उन्होंने पड़ोसी देश की नापाक हरकतों पर व्यंग प्रस्तुत करते हुए कहा हमारे अंतरमन को वह अक्सर जिंझोड़ देता है ,वह बार-बार दहशत के सांप छोड़ देता है ।मैं उस तरफ पुल बनाता हूं, वह बार-बार धमाके से उसे तोड़ देता है। इसी क्रम में आगे हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ.राणा कुंजर ने श्रीकृष्ण और राम के कार्यों की तुलना करते हुए कहा कि हमें श्री कृष्ण जी द्वारा बताए गए कार्यों को करना चाहिए ।कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ. अमर कुमार जैन ने कहा कि श्रीकृष्ण जी के जीवन के प्रत्येक रूप में पूर्णता दिखाई देती है गुरु -शिष्य के रूप में श्री कृष्ण व -अर्जुन ,प्रेम के रूप में राधा व श्रीकृष्ण और मित्र के रूप में श्रीकृष्ण -सुदामा के प्रसंग की ही चर्चा की जाती है । कार्यक्रम में डा इमराना सिद्दीकी ,डा जय कुमार सोनी डा संगीता मुखजी,डा प्रतिभा जैन,डा संगीता कुम्हारे डा शुचिता अग्रवाल, डा देवेंद्र ठाकुर, डा अनुरोध ,डा बरदिया ,डा लेफ्टिनेंट जयनारायण यादव, लेफ्टिनेंट कीर्ति रैकवार सहित लगभग 100 विद्यार्थी उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### सेवा निगरानी समिति के द्वारा झंडा वंदन किया

**सागर।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सेवा मध्य प्रदेश के द्वारा शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा सूचना केंद्र व सेवा निगरानी समिति के द्वारा ग्राम पंचायत में झंडा वंदन किया गया। साथ ही राष्ट्रगान व खेल जैसे नींबू रेस ,कुर्सी दौड़ आदि का श्रमिक बहनों व उनके बच्चों के द्वारा आयोजन किया गया और शासन द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओ योजना ईश्रम कार्ड, आवास, संबल कार्ड , आयुष्मान कार्ड, की जानकारी देना व 285 से अधिक बहनों के साथ 13 ग्राम पंचायतों की ग्राम सभा में जाकर गांव की समस्या जैसे सड़क, पानी, बिजली, साफ सफाई को लेकर आवेदन दिया गया। कार्यक्रम का कार्यभार संभाला गीता चौरसिया, सीमा अहिरवार व लीला अहिरवार।

### झूलेलाल चालिहा हॉल में मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**सागर।** आयोलाल झूलेलाल, नन्द के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की, गोपाल कृष्ण राधे कृष्ण के गीतों को विजय लालवानी ने चालिहा हाल को सजाया और सिंधी कॉलोनी में रात 10 बजे तक धूम रही लालाराम ने ॐ नमः भगवते वासुदेवाय के मंत्रोचारण करके रात्रि 11 बजे केक काटा गया यह नजारा था श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व का। प्रवक्ता राजेश मनवानी ने बताया की सिंधी कॉलोनी चालीहा हाल में बच्चों ने श्री कृष्ण वेशभूषा में नन्हे बच्चो ने फैंसी ड्रेस कॉम्पिटिशन में 97 बच्चो ने भाग लिया। बच्चे श्री कृष्ण और राधा की ट्रेडिशनल ड्रेस पहनकर आकर श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गयी। जिसमे लक्ष्य सुंदरानी ने जीता सोने का लॉकेट जन्माष्टमी के मौके पर सिंधी समाज के घरों से लेकर झूलेलाल मंदिर भगवान श्री कृष्ण की भक्ति और रंग में सराबोर रहा। सिंधी कॉलोनी के घरों में बच्चों ने भगवान श्री कृष्ण और राधा बनकर उत्सव का आनंद उठाया।

### बेटियों के सम्मान में सागर में गरजी काजल हिंदुस्तानी

**सागर।** हिंदू जागरण मंच और जन कल्याण न्यास के संयुक्त तत्वाधान में महिला सुरक्षा और सम्मान के दृष्टिगत एक मातृशक्ति कार्यशाला महाकवि पदमाकर सभागार में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता काजल हिंदुस्तानी, ( गुजरात ) और अध्यक्षता छाया दीदी ब्रह्मकुमारी आश्रम के द्वारा की गई । काजल हिंदुस्तानी ने कहा कि महिलाओ और बेटियों के साथ भारत देश में रेप की घटनाएं बड़ी है आज हम अपनी बेटियों को गुड़िया, प्यारी , पापा की परी आदि नाम से संबोधित करते हैं । माता-पिता ने बेटियों को गुड़िया कहकर कमजोर बना दिया है काजल ने भारत की वीरांगनाओं का उदाहरण देते हुए कहा कि जब-जब समाज में अन्याय अत्याचार बड़ा है तब तब भारत की वीरांगना नारी शक्ति ने चाहे वह रानीलक्ष्मीबाई हो रानी दुर्गावती झलकारी बाई अहिल्याबाई होल्कर आदि जैसी वीरांगनाओं ने इतिहास रच कर देश धर्म और समाज की रक्षा की। किंतु आज की बेटियां अपनी स्वयं की रक्षा नहीं कर पा रही है हमें बेटियों को गुड़िया कहने की मानसिकता बदलनी होगी उनको आत्मनिर्भर सशक्त बनाना होगा उनके हाथ में शस्त्र थमांना होगा तभी बेटियां आत्मनिर्भर बन पाएंगी और अपनी रक्षा कर पाएंगी। आज समाज में बॉलीवुड, ओटीटी प्लेटफॉर्म, अश्लील वेब सीरीज और टीवी सीरियल्स सिर्फ गंदगी और विकृति फैलाने का काम कर रहे हैं क्योंकि लोग जो देख रहे हैं। वही कर रहे हैं इन सभी वेब सीरीज टीवी सीरियल्स और सोशल मीडिया ने रिश्तों को की मर्यादा को खत्म कर दिया है।



## गढाकोटा में शान से फहराया गया तिरंगा मनाया गया आजादी का जश्न

**गढाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा में आजादी का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। आजादी के 79वें वर्ष गढाकोटा सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों कि शासकीय अशासकीय संस्थाओ सहित भवनों में सुबह राष्ट्रीय ध्वजरोहण किया गया। राष्ट्रीय पर्व कि पूर्व संध्या से जहां बारिश का दौर लगातार चल रहा है वहीं नगर के विभिन्न शासकीय अशासकीय स्कूलो में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं में राष्ट्रीय पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा गया। ओर संस्थाओं में बच्चों द्वारा देश प्रेम से ओत प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों कि बच्चों द्वारा प्रस्तुतियां दी गई। वहीं नगर के पुलिस थाने में थाना प्रभारी, तहसील परिसर स्थित में अधिवक्ता बार में संघ के अध्यक्ष ने ध्वजारोहण किया। इसी क्रम में नगर पालिका गढाकोटा में श्री मति संगीता मनोज तिवारी,अधिवक्ता संघ कार्यालय में जमील कुरैशी, शासकीय महाविद्यालय डॉ ऐ. के सिंन्हा, शासकीय स्कूलों में कन्या उ.मा.शाला एवं प्राइवेट शालाओं में सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेंडरी, फास्टर पब्लिक स्कूल, होलीफेथ हायर सेकंडरी, एसपी मेमोरियल हायर सेकंडरी स्कूल,मुख्य बाजार स्थित कांग्रेस द्वारा भारत माता मंदिर स्थित झंडा चौक सहित नदी पार जाने में थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे ने एवं शहीद स्मारक पर ध्वजारोहण किया गया। पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के द्वारा राष्ट्रीय पर्व कि पूर्व संध्या पर अपने निवास गणनायक में ध्वज फहराया। ओर देश वासियों को स्वतंत्रता दिवस कि शुभकामनाएं दीं।

## हमारा हर कदम देश की एकता और प्रगति के लिएः डॉ दिवाकर सिंह राजपूत



**सागर।** अपने जीवन को सार्थक बनाने के लिये जरूरी है कि हम अपने लक्ष्य और कर्तव्य को पहचानें, उनकी पूर्ति के लिये सदा तत्पर रहें. हमारे जीवन की प्रगति और समृद्धि का आधार हमारा देश और हमारी संस्कृति हैं। इसलिए अपने देश की एकता और विकास के लिये हम सब मिलजुलकर कार्य करें यह विचार दिये प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत ने स्वतंत्रता के 79 वें पर्व पर ध्वजारोहण करते हुए डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के मानविकी एवं समाज विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता और मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय भोपाल के क्षेत्रीय केंद्र सागर के निर्देशक प्रो दिवाकर सिंह राजपूत ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के पावन अवसर पर रैनबो पब्लिक स्कूल में ध्वजारोहण किया और विद्यार्थियों की प्रस्तुति की सराहना की। इस अवसर पर सिद्धार्थ जैन, शैफाली जैन, कला सिंह राजपूत, भाग्यश्री सहित शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने सहभागिता की। प्रोफेसर राजपूत ने मध्य प्रदेश मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय कार्यालय में ध्वजारोहण करते हुए कहा कि शिक्षा के माध्यम से जागरूकता और कर्तव्यनिष्ठा की भावना को नयी ऊर्जा मिलती है। प्रोफेसर राजपूत ने कहा कि देश सर्वोपरि है और मातृभूमि से ही हमारी पहचान होती है। आज अवसर है कि हम देश की आजादी के लिए बलिदान हो जाने वाले वीर शहीदों से प्रेरणा लें। देश भक्ति को अपने जीवन मूल्यों में साकार करें। हमारा हर कदम देश की प्रगति और समृद्धि के लिए होना चाहिये। इस अवसर पर क्षेत्रीय केंद्र के कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



## तिरंगा से सम्मान के वास्तविक हकदार सेनानीः डॉ. अनिल तिवारी

**सागर।** देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या सागर के स्वतंत्रता संग्राम में 15 वर्ष की उम्र में गांधी जी के असहयोग आंदोलन में शामिल व 6 माह जेल में रहने वाले सेनानी तारा चंद जैन का उनके पंत नगर सागर स्थित सेनानी निवास पर पहुंचकर भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. अनिल तिवारी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा, पुष्पमाला व शॉल श्रीफल से सम्मान किया गया। सेनानी तारा चंद जैन ने स्वतंत्रता आंदोलन के समय का विस्तृत वृतांत भी सुनाया। उन्होंने बताया कि, आजादी के लिए संघर्ष करते हुए अंग्रेजों के अत्याचार सहे पर जुनून कम नहीं हुआ। हमेशा हाथ में डंडा और जेब में झण्डा लेकर चले। आंदोलन के लिए बुलेटिन निकाला गया जिसे वे बड़ी गोपनीयता से बॉटते थे। यदि अंग्रेजों ने देश लिया तो वे जेल में डाल देते थे। इसी बीच सन् 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन को गति देने वे पहले बस अड्डे पर जो पहले कटरा में पटैरिया स्वीट्स के सामने था, वहां सभा आयोजित की गई। वहाँ भीड़ उमड़ गई जिसे देख कर चारों ओर पुलिस लगा दी गई। मेरे जेब में झण्डा रखा था मेरा साथी स्टूल लिये था। स्टूल पर खड़े होकर, जेब से झण्डा निकालकर फटाफट लहरा दिया। पुलिस ने मुझे यह कहते हुए कि ''यही मिर्चा है, सारे फसाद की जड़' पकड़कर जेल में डाल दिया। जहाँ मुझे छः माह की जेल और साथियों को चार माह की जेल हुई। मुझे सात नंबर की बैरक में रखा गया। जेल में हम लोगों ने अखाड़ा बना लिया। वहाँ एस.पी. कोल्ट जेल आये, अखाड़ा देख भड़क गये। तब अधिकारियों ने अखाड़ा में पत्थर डलवा दिये। हम लोगों ने वे भी हटा दिये। एक माह बाद पुनः एस.पी. ने दौरा किया तो अखाड़े में शौंचालय की गंदगी डलवा दी। जेल में ऑस्ट्रेलिया से आये कच्चे गेंहूं की रोटियाँ दी जाती थीं तथा तरह तरह की यातनायें दी जाती थीं। यह वृतांत सुनकर डॉ. अनिल तिवारी जी भावुक होकर श्री सेनानी जी को वचन दिया कि मैं आपके प्रत्येक कार्य के लिए आजीवन समर्पित रहूँगा। सेनानी जैन ने डॉ. अनिल तिवारी से चर्चा में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जो भारत के विकास के लिए अपना सर्वस्व समर्पित करके दिन रात देष की सेवा में अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं उन्हें मेरी ओर से बहुत-बहुत साधुवाद। इस सम्मान कार्यक्रम में डॉ. अनिल तिवारी, अनिल सेन, संगठन के सचिव संतोष राय, नीलेश कुशवाहा, अशोक सेन सहित सेनानी परिवार उपस्थित रहा।


समस्त नगरवासियों एवं देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की मंगल मंगल शुभकामनाएं
15 अगस्त
विनीत: कैबीएस बघेल मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं समस्त नगरपालिका परिवार देवरी
समस्त नगरवासियों एवं देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की मंगल मंगल शुभकामनाएं
श्रीमति आकांक्षा सोनी सरपंच
संतोष सोनी सरपंच प्रतिनिधि
सुरेन्द्र कतिया रोजगार सहायक
नन्हेभाई लोधी सचिव
सौ. ग्राम पंचायत महाराजपुर तह देवरी
स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं
श्रीमती आनंदकली चढार सरपंच
श्री कोमल चढार सरपंच प्रतिनिधि
सौ.- ग्राम पंचायत दुगाहा खुर्द, जपं मालथौन
समस्त नगरवासियों एवं देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की बधाईयाँ
दीपक ठाकुर
ओ.पी दुबे प्राचार्य
शा. नेहरु स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवरी जि.सागर
स्वतंत्रता दिवस
एवं भाई बहिन के स्नेह बंधन के महापर्व रक्षाबंधन की मंगल मंगल शुभकामनाएं
रामकुमार उपसरपंच
सचिन शुक्ला सचिव
सौ. ग्राम पंचायत वघवारा तह.केसली
स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
सौ. - गिन्नी राजा महामंत्री युवा मोर्चा मंडल मालथौन
स्वतंत्रता दिवस
एवं भाई बहिन के स्नेह बंधन के महापर्व रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
अपील
खाली भूमि पर वृक्ष लगाये
बूंद बूंद पानी बचाये
अपने परिसर को स्वच्छ रखे
सौ. ग्राम पंचायत समनापुर शाहजू तह.देवरी
B.Sc.
Mathematics Physics Computer Aplication
Botany Zoology Computer Application
Botany Chemistry Computer Application
Chemistry Computer Application Mathematics
Botany Zoology Chemistry
Chemistry Mathematics Physics
B.A
Sociology Political Science Computer
Sociology Political Science History
B.Com
Accounting Management Computer Aplication
Accounting Management Applied Economicd
B.C..A
All Computer Subjects
Special Course
P.G.D.C.A
B.Ed D.Ed
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ.अवनीश मिश्रा संचालक
सौजन्य-बी.के.पी. कालेज देवरी
स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई शुभकामनाएं
सौ.- ग्राम पंचायत झौलसी, जपं मालथौन
नगर परिषद मालथौन
15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस 2025 के पुनीत पर्व पर समस्त नागरिकों का नगर परिषद मालथौन हार्दिक अभिनंदन करती है
सौजन्य- नगर परिषद मालथौन- जिला सागर म.प्र.
स्वतंत्रता दिवस
के शुभअवसर पर समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामानाएं
सौ.- समस्त स्टाफ शासकीय उच्च. मा. विद्यालय बरोदिया कलाँ
श्री बी. एस. लोधी प्रभारी प्राचार्य
समस्त क्षेत्रवासियों एवं देशवासियों को आजादी के महापर्व
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
मान.हर्ष यादव
पूर्व केबिनेट मंत्री मध्यप्रदेश शासन
सौ.-समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता देवरी विधानसभा
हरिभूमि में समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें।
मो.9685194451,9806859222
स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
जे.के जैन कांट्रेक्टर
सपन जैन कांट्रेक्टर
सौ.- सपन जैन 'ए' क्लास कांट्रेक्टर खुरई सागर
स्वतंत्रता दिवस
पर समस्त नगरवासियों एवं देशवासियों को
हार्दिक बधाई... शुभकामनाएं...
श्रीमती सुधा विश्वनाथ सिंह अध्यक्ष
श्री प्रभुशंकर खरे सीएमओ बरौदिया कलां
सौजन्य - समस्त स्टॉप नगर परिषद बांदरी
स्वतंत्रता दिवस
79वीं वर्षगांठ पर समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
सुश्री स्वाती दुबे सतुता संचालक
मनीष तिवारी प्रभारी प्राचार्य
सौ.- समस्त शाला स्टॉप पीएम श्री स्कूल रहली
स्वतंत्रता दिवस
79वीं वर्षगांठ पर समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
के के राजपूत सरपंच
सौजन्य - ग्राम पंचायत रेवझा रहली
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सौ.-सिस्टर जानसी प्राचार्या क्राइस्ट कान्वेंट स्कूल, पटना बुजुर्ग रहली
स्वतंत्रता दिवस
79वीं वर्षगांठ पर समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
श्री खुमान अदिवासी सरपंच
श्री मुकेश चौधरी सचिव
सौ.- ग्राम पंचायत बादीपुरा रहली
स्वतंत्रता दिवस
79वीं वर्षगांठ पर समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ मनोज जैन
सौजन्य - प्रतिष्ठा एकेडमी रहली
स्वतंत्रता दिवस
79वीं वर्षगांठ पर समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
श्री एम एल अहिरवार प्राचार्य
सौजन्य - हायर सेकेंडरी स्कूल चांदपुर रहली
स्वतंत्रता दिवस
79वीं वर्षगांठ पर समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमति नीतू अहिरवार सरपंच
मुन्नालाल बैरागी सचिव
सौजन्य - ग्राम पंचायत चांदपुर रहली
स्वतंत्रता दिवस
79वीं वर्षगांठ पर समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
श्री रामभिलन पटेल सरपंच
मुन्नालाल बैरागी सचिव
सौजन्य - ग्राम पंचायत छिरारी रहली
स्वतंत्रता दिवस
79वीं वर्षगांठ पर समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
मनीष जैन शाखा प्रबंधक
सौजन्य - जिला सहकारी बैंक रहली
स्वतंत्रता दिवस
79वीं वर्षगांठ पर समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
श्री प्रवीण श्रीवास्तव प्रभारी प्राचार्य
सौजन्य - शासकीय महाविद्यालय रहली
स्वतंत्रता दिवस
79वीं वर्षगांठ पर समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक बधाई शुभकामानाएं
श्रीमति राजमणि तिवारी प्रभारी
शासकीय बालिका छात्रावास रहली
स्वतंत्रता दिवस
79वीं वर्षगांठ पर समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
विजय पचौरी प्रभारी प्राचार्य
सौ. - कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल रहली
स्वतंत्रता दिवस
79वीं वर्षगांठ पर समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
सुश्री स्वाती दुबे
सौजन्य - संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग रहली
स्वतंत्रता दिवस पर समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई शुभकामनाएं
श्री पुनीत भटेले सरपंच
श्री पुरुषोत्तम पटेल सचिव
श्री नीलेश उपाध्याय जीआर एस
सौ. - ग्राम पंचायत गुडाकलॉं जनपद रहली
स्वतंत्रता दिवस
79वीं वर्षगांठ पर समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
श्री प्रहलाद पटेल पंचायत मंत्री
श्री देवेंद्र सिंह सरपंच
सौ.- ग्राम पंचायत निवारी रहली
समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
आर डी अहिरवार बीआरसी
कमल जैन बीएसी
लीलाधर जाटव बीएसी
सौ. - जनपद शिक्षा केन्द्र रहली
समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री देवराज सोनी अध्यक्ष नपा रहली
श्री प्रकाश सोनी ठेकेदार रहली
सौ- प्रकाश सोनी ठेकेदार रहली
समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमति प्रेमलता अवस्थी सरपंच
अखिल चौबे सचिव
नीरज शर्मा रोजगार सहायक
सौजन्य - ग्राम पंचायत खेजरा जनपद रहली
समस्त देश वासियों को आजादी के महापर्व
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई शुभकामानाएं
श्री अभिषेक भार्गव भाजपा नेता
श्री देवराज सोनी अध्यक्ष नपा रहली
श्री धनंजय गुमास्ता प्रभारी सीएमओ
निवेदक- धनजय गुमास्ता प्रभारी सीएमओ एवं समस्त अधिकारी, कर्मचारी नगरपालिका परिषद रहली

समस्त नगरवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री राकेश अहिरवार
वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी
दमोह म.प्र.

स्वतंत्रता दिवस
की सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु : श्री प्रदीप जैन खाद बाले
फर्म : नंदकिशोर कोमलचंद
नया बाजार सागर

समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

स्वतंत्रता दिवस
की आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं
मा. पं. रामअवतार पाण्डे
वरिष्ठ भाजपा नेता
मा. अंकित पाण्डे
युवा उद्योगपति
मा. अर्पित पाण्डेय
भाजयुमो जिला अध्यक्ष
सौ.- अवतार एजेन्सी तिलकगंज सागर

समस्त देशवासियों को 15 अगस्त
79 वां
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनायें
Azadi Ka Amrit Mahotsav

स्वतंत्रता दिवस
के पावन पर्व पर सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु
शैलेष केशरवानी
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पार्षद
तिलक गंज वार्ड सागर
श्री शैलेष केशरवानी

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस
की सागर नगरवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सागर नगर को प्लास्टिक मुक्त बनाने में सहयोग करें।
स्वच्छ सागर बनायें
पानी की बर्बादी रोकें
15 August Independence Day

स्वतंत्रता दिवस
की समस्त शहरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सागर

सभी देशवासियों को राष्ट्रीय पर्व
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
79th Independence Day
ADMISSIONS OPEN
• Delhi Public School Sagar & Makronia
• Gyansagar Play School, Sagar
• Gyan Sagar Group of Institutions, Sagar

स्वतंत्रता दिवस
की आप सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
प्रमिला सिंह राजपूत
जिलाध्यक्ष, महिला कांग्रेस कमेटी (शहर), सागर
सौ.- जिला ग्रामीण कांग्रेस, सागर

स्वतंत्रता दिवस
की समस्त शहरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
उत्तर वन मंडल सागर

स्वतंत्रता दिवस
की समस्त शहरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
मंडी बोर्ड सागर

स्वतंत्रता दिवस
की समस्त शहरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु-
खनिज विभाग जिला सागर

स्वतंत्रता दिवस
की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु-
अबाकारी ठेकेदार सागर

स्वतंत्रता दिवस
की समस्त शहरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
समाजिक वानिकी वृत सागर

स्वतंत्रता दिवस
की समस्त शहरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
एसडीओ, लोक निर्माण विभाग सागर

समस्त देशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
महाप्रबंधक
सौ.- प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क, सागर

स्वतंत्रता दिवस
की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
वनों को आग से बचाएं
सांसे हो रही हैं कम, आओ पेड़ लगायें हम
आज लगाएं एक पेड़, ताकि कल रहे पर्यावरण सुरक्षित
सबसे बड़ा धन, बेटी और वन
शुभेच्छु- वन मण्डल अधिकारी दक्षिण वन मण्डल सागर

स्वतंत्रता दिवस
की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
मा. भूपेन्द्र सिंह ठाकुर
पूर्व गृह एवं परिवहन मंत्री
सौ.- महेश दाल मिल
भगत सिंह वार्ड
मोतीनगर सागर म.प्र.
मा. महेश साहू
अध्यक्ष अनाज तिलहन संघ

स्वतंत्रता दिवस
की समस्त शहरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
बीना नहर परियोजना, सागर

राष्ट्रीय पर्व
स्वतंत्रता दिवस
की आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं
सौ.- महिला एवं बाल विकास विभाग सागर

स्वतंत्रता दिवस
की समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु-
उप पंजीयक जिला सागर

स्वतंत्रता दिवस
की आप सभी नगरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
मा. सूरज शर्मा
संभागीय अध्यक्ष पटवारी संघ सागर
सौ.- सूरज शर्मा, संभागीय अध्यक्ष पटवारी संघ सागर

स्वतंत्रता दिवस
की समस्त शहरवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
मा. सुनील जैन
पूर्व विधायक देवरी

समस्त छात्राओं, अभिभावकों एवं नगरवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई शुभकामनाएं...
मा. शैलेन्द्र जैन
विधायक, सागर
श्रीमति मनीषा/ एड.विनय मिश्रा
डॉ. आनंद तिवारी
जनभागीदारी सचिव/प्राचार्य
शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय, सागर

राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस
की समस्त देश वासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. सरोज गुप्ता
प्राचार्य/सचिव

79वां स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की अनंत अशेष शुभकामनाएं...
सौजन्य : भारतीय जनता पार्टी जिला-सागर (म.प्र.)

### 20 गांवों के ग्रामीणों ने महापंचायत कर सौंपा ज्ञापन

# अब लाडपुरा में हॉस्पिटल बनाने लामबंद, ज्ञापन सौंप दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विजयपुर में सिविल हॉस्पिटल के रूप में स्वीकृत हुआ 100 बिस्तरीय अस्पताल प्रशासन के लिए चुनौती बन गया है। 12 अगस्त को विकासखंड मुख्यालय पर एकत्रित हुए शहरवासियों ने बैठक कर अस्पताल को शहर के बीचों बीच ही बनाए जाने की मांग करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था। खास बात यह रही कि तब इस बैठक में पूर्व मंत्री रामनिवास रावत, पूर्व विधायक बाबू लाल मेवरा, भाजपा जिला महामंत्री अरविंद जादौन सहित विजयपुर क्षेत्र के अधिकतर नेता मौजूद रहे जिन्होंने विजयपुर में पुराने अस्पताल की जगह पर ही हॉस्पिटल बनाने की वकालत की थी। अब रविवार को लाडपुरा सहित कई गांव के लोगों ने विजयपुर पहुंचकर महा पंचायत की ओर हॉस्पिटल लाडपुरा में ही बनाए जाने की मांग करते हुए न सिर्फ एसडीएम को ज्ञापन सौंपा बल्कि चेतावनी भी दी कि अगर 7 दिनों के भीतर हॉस्पिटल का निर्माण निर्धारित स्थान लाडपुरा में शुरू नहीं हुआ तो वह विजयपुर मुख्यालय पर पहुंच कर धरना प्रदर्शन आंदोलन शुरू कर देंगे जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

रविवार को विजयपुर के बाजार आसपास के 20 गांवों से आए ग्रामीणों के गगनभेदी नारों से गूंज उठे ग्रामीणों ने बाजार में रैली निकाल कर अस्पताल को बायपास मार्ग पर लाडपुरा की चिन्हित की गई भूमि पर ही बनाए जाने की मांग से जुड़े नारे लगाए। चाहे जो मजबूरी हो हमारी मांगे पूरी हो जैसे नारे लगाते हुए ग्रामीण एसडीएम कार्यालय पहुंचे जहां एसडीम को ज्ञापन सौंपते हुए सिविल अस्पताल की बिल्डिंग पूर्व निर्धारित स्थान लाडपुरा में ही बनाए जाने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि अगर 7 दिवस के भीतर निर्धारित स्थान लाडपुरा में हॉस्पिटल का निर्माण का शुरू नहीं हुआ तो 20 गांव के लोग विकासखंड मुख्यालय पर पहुंच कर धरना प्रदर्शन करेंगे इस दौरान होने वाली परेशानी अव्यवस्थाओं का जिम्मेदार प्रशासन खुद होगा।

इस ज्ञापन प्रदर्शन के बाद अस्पताल को लेकर राजनीतिक गर्मा गई है। इस मामले में स्थानीय भाजपा नेता जहां कुछ दिन पहले ही पलटी मारते हुए शहर में अस्पताल बनाने की मांग कर चुके हैं वहीं अब ग्रामीण अस्पताल को गांव से शहर में लाने पर नेताओं को भी सबक सिखाने की बात बोल रहे हैं। उधर इस मामले पूर्व विधायक सीताराम आदिवासी ने अस्पताल को ग्रामीण क्षेत्र में निर्धारित स्थान पर ही बनाए जाने की बात का समर्थन करते हुए नई चर्चा को जन्म दे दिया।



#### सीताराम बोले हर हाल में गांव में ही बनेगा हॉस्पिटल

पूर्व विधायक एवं सहरिया विकास प्राधिकरण के सदस्य राज्य मंत्री दर्जा सीताराम आदिवासी ने सिविल हॉस्पिटल की बिल्डिंग को लाडपुरा में ही बनाए जाने की न सिर्फ मांग की बल्कि दावा किया कि वह खुद खड़े होकर अस्पताल का निर्माण ग्रामीण क्षेत्र में ही करवाएंगे। इस मामले में पूर्व विधायक सीताराम ने उन नेताओं को आड़े हाथों लिया जो अस्पताल को शहर में बनवाना चाहते हैं उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अस्पताल को हमने ही लाडपुरा के लिए स्वीकृत करवाया है और उसे वही बनवा कर ही रहेंगे।

#### भाजपा नेता पशोपेश में कहां बने हॉस्पिटल

12 अगस्त को हुई महापंचायत से पहले तक कुछ नेता रामनिवास रावत को टारगेट करते हुए अस्पताल को ग्रामीण क्षेत्र में ले जाने की बात दबी जुबान से बोलते हुए आरोप लगाने से नहीं चूक रहे थे ऐसे आरोप प्रत्यारोपों को खारिज करते हुए महापंचायत में पहुंचे रामनिवास रावत ने उन नेताओं को खूब खरी खोटी सुनाई जो अस्पताल निर्माण के मामले में उनका नाम षड्यंत्र पूर्वक घसीट रहे थे, रामनिवास ने मंच से ही दावा किया कि वह अस्पताल को शहर में ही बनवाकर रहेंगे यही बात पूर्व विधायक बाबूलाल मेवरा ने भी कहीं पर अब जब ग्रामीण अस्पताल को ग्रामीण क्षेत्र में बनवाने के लिए लामबंद हो गए हैं और शहर में अस्पताल बनाने का षड्यंत्र कर उन्हें स्वास्थ्य सुविधाओं से मेहरूम करने पर देख लेने तक की चेतावनी दे रहे हैं तो फिर यह भाजपा नेता भी पशोपेश में पड़ गए हैं कि वह शहर वासियों की हां में हां मिलाए या फिर ग्रामीणों की बात का समर्थन करें।

### निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ अफसरों ने किया नहर का अवलोकन

# चंबल नहर मरम्मत के लिए वर्क आर्डर जारी,आज से काम शुरू होने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



चंबल दाहिनी मुख्य नहर की मरम्मत का कार्य सोमवार से शुरू होने की उम्मीद है। दरअसल रविवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देशन में चंबल नहर की मरम्मत के लिए निर्माण एजेंसी बने सबलगढ के रामेश्वर दयाल रावत ठेकेदार कंपनी के प्रतिनिधियों ने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ चंबल नहर के क्षतिग्रस्त हिस्से का अवलोकन किया। इसलिए उम्मीद है कि सोमवार से चंबल नहर की क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत का काम धरातल पर शुरू हो जाएगा।

कार्यपालन यंत्री जल संसाधन चैतन्य चौहान ने बताया कि नहर की मरम्मत के लिए टेण्डर की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है तथा संबंधित निर्माण एजेंसी को वर्क आर्डर जारी कर दिया गया है। उन्होने जानकारी दी कि 18 अगस्त से मौके पर नहर की मरम्मत के लिए आवश्यक मशीनरी डिप्लॉय कर दी जायेगी तथा कार्य शुरू होने की उम्मीद है। इस संबंध में संबंधित निर्माण एजेसी को निर्देश जारी कर दिये गये है। उन्होने बताया कि रविवार को जल संसाधन विभाग के अधिकारियों द्वारा संबंधित निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ क्षतिग्रस्त नहर का मौके पर अवलोकन किया गया एवं ठेकेदार को निर्देश दिये गये कि आवश्यक मशीनरी एवं सामग्री साइड पर पहुंचाते हुए कार्य शुरू कराया जायें। उल्लेखनीय है कि नहर की मरम्मत के लिए विभाग द्वारा 36 लाख 78 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है, जिसके टेण्डर की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। टर्रामाफी एवं बगवाडा के बीच गत जुलाई माह में 45 किलोमीटर पर 25 मीटर की लम्बाई में चंबल नहर क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसके मरम्मत कार्य को लेकर विभाग द्वारा वर्क आर्डर जारी कर दिया गया है।

# योगेंद्र नाथ शर्मा बहाल, जयकुमार को मिली चिलवानी थाने की कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

प्रभारी मंत्री की पायलेट व्यवस्था के दौरान बरती गई लापरवाही के कारण निलंबित किए गए चिलवानी थाना प्रभारी योगेन्द्रनाथ शर्मा को पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन ने बहाल कर दिया है। साथही चिलवानी थाना प्रभारी के रूप में उप निरीक्षक जय कुमार रघुवंशी की पदस्थापना कर दी है। बता दें कि स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह में झंडावंदन करने के लिए श्योपुर जिले में आए प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला की पायलेट व्यवस्था में चिलवानी थाना प्रभारी योगेन्द्रनाथ शर्मा की ड्यूटी लगाई गई थी। लेकिन प्रभारीमंत्री के श्योपुर पहुंचने के बाद पायलेट व्यवस्था प्रभारी योगेन्द्रनाथ शर्मा अचानक ड्यूटी स्थल से गायब हो गए। प्रभारीमंत्री की नाराजागी के चलते पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन ने चिलवानी थाना प्रभारी योगेन्द्र नाथ शर्मा को निलंबित कर दिया और एएसपी प्रवीण भूरिया को इस मामले की जांच सौंपी गई। एसपी वीरेन्द्र जैन ने बताया कि उनि योगेन्द्रनाथ शर्मा को निलंबन से बहाल करते हुए पुलिस लाइन में पदस्थ कर दिया है। उनकी जगह उप निरीक्षक जय कुमार रघुवंशी को चिलवानी थाने में बतौर थाना प्रभारी पदस्थ कर दिया है।




# अब स्कूलों में ही अपडेट किए जाएंगे आधार कार्ड, कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जाति प्रमाण पत्र और आधार या अंकसूची एवं आधार में नाम मैच नहीं होने के कारण विद्यार्थियों को राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा संचालित विभिन्न योजना निशुल्क गणवेश वितरण, निशुल्क साइकिल वितरण, निशुल्क पुस्तक वितरण एवं छात्रवृत्ति वितरण से कोई छात्र वंचित न रहे विद्यार्थियों को आधार में सुधार कराने के लिए आधार सेंटरों पर भटकना भी न पड़े इस उद्देश्य से कलेक्टर अर्पित वर्मा ने जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग को हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों में आधार अपडेट करवाने के लिए शिविर आयोजित करने के निर्देश जारी किए हैं।

डीपीसी डॉ पीएस गोयल ने बताया कि हायर सैकेण्डरी स्कूल बडौदा में 21 अगस्त से 31 अगस्त तक, हायर सैकेण्डरी स्कूल प्रेमसर में 01 सितंबर से 10 सिंतबर तक, हायर सैकेण्डरी स्कूल ढोढर में 11 सितंबर से 20 सितंबर तक तथा हायर सैकेण्डरी स्कूल सोईकला में 21 सितंबर से 30 सितंबर तक कैम्प लगाये जायेगे, जिसमें संबंधित क्षेत्र के विद्यार्थियों के आधार कार्ड बनाने सहित अपडेशन का कार्य किया जायेगा। इसी प्रकार विजयपुर क्षेत्र के हायर सैकेण्डरी स्कूल गसवानी में 21 अगस्त से 05 सितंबर तक, हायर सैकेण्डरी स्कूल अगरा में 06 सितंबर से 20 सितंबर तक तथा हायर सैकेण्डरी स्कूल वीरपुर में 21 सितंबर से 30 सितंबर तक शिविर लगाये जा रहे है।

इसी प्रकार कराहल विकासखण्ड के सेसईपुरा हायर सैकेण्डरी विद्यालय में 21 अगस्त से 05 सितंबर तक, हायर सैकेण्डरी स्कूल बरगवा में 06 सितंबर से 20 सितंबर तक तथा गोरस के हाई स्कूल में 21 सितंबर से 30 सितंबर तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

# 11 साल बाद फिर बंधी जिले में एरोप्लेन जमीन पर उतारने की उम्मीद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

11 साल पहले दिखाए गए हवाई सफर के सपने भले ही तब फाइलों में गुम हो गए हों लेकिन एक बार फिर इस सपने को पंख लगने की उम्मीद तब जागी जब मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेश के हर शहर में एयर स्ट्रीप (हवाई पट्टी) बनाए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार प्रदेश में श्योपुर सहित 28 जिले ऐसे हैं जहां हवाई पट्टी नहीं हैं।

11 साल पहले जिले में प्रस्तावित की गई हवाईपट्टी बनना तो दूर प्रशासन इसके लिए जमीन भी नहीं ढूंढ पाया। हालांकि तत्समय लोक निर्माण विभाग के माध्यम से 9 करोड़ रुपए का प्राकलन तैयार कर शासन को भेजा गया, लेकिन जमीन के अभाव में प्रस्ताव अधर में लटक गया और बीते 11 सालों से ये फाइलों में ही कैद होकर रह गया। पर अब नए सिरे से हवाई पट्टी बनाने के लिए सरकार ने कवायद शुरू कर दी है। जिसके लिए इस बार रुपए की कमी तो आड़े आएगी नहीं अलबत्ता प्रशासन को ज़मीन तलाशने में मशक्कत जरूर करनी पड़ेगी। बताना होगा कि तत्कालीन कलेक्टर जीबी पाटिल ने दिसंबर 2013 में हवाई पट्टी बनाने के लिए राजस्व और पीडब्ल्यूडी विभाग के अफसरों को जमीन चिन्हित करने और प्रस्ताव बनाने की जिम्मेदारी दी थी, हालांकि तत्समय कुछ स्थानों पर जमीन भी देखी गई, लेकिन कहीं जमीन उपयोगी नहीं थी तो कहीं की जमीन अफसरों को पसंद नहीं आई। यही वजह है कि तत्कालीन अफसर हवाइपट्टी के लिए जमीन चिन्हित नहीं कर पाए और फिर मामला ठंडे बस्ते में ऐसा गया।

#### 9 करोड़ का भेजा था प्रस्ताव

जमीन चिन्हित नहीं होने के बावजूद तत्समय पीडल्ब्यूडी के माध्यम से शासन को प्राकलन बनाकर भी भेजा गया था, जिसके मुताबिक हवाईपट्टी के निर्माण की लागत लगभग 9 करोड़ रुपए आंकी गई। यही नहीं हवाई पट्टी बनाने के लिए जिले में 2600 मीटर लंबी व 1600 मीटर चौड़ी जमीन का हिस्सा चाहिए। जो पूरी तरह सपाट हो और हाईवे या जिला मुख्यालय को जोडने वाले मुख्य मार्ग के समीप हो।

#### यहां देखी थी जमीनें लेकिन नहीं बनी बात

आठ साल पहले पदस्थ राजस्व और पीडब्ल्यूडी के अफसरों ने जिले में हवाइपट्टी के लिए सबसे पहले मानपुर व जैनी के पास जमीन देखी थी, लेकिन अफसरों को पसंद नहीं आई। इसके बाद कराहल के रानीपुरा में आसाराम गौशाला के पास की जमीन को हवाई पट्टी के लिए चिन्हित कर लिया, लेकिन उसकी नापजोख हुई तो वह आवश्यकता से कम निकली। इसके बाद सोंईकला के पास जमीन देखी। लेकिन यहां भी बात नहीं बनी। बाद में प्रेमसर के पास बिट्ठलपुर ग्राम पंचायत के तहत आने वाले जुआड़ गांव में करीब 50 हेक्टेयर (250 बीघा) जमीन चिन्हित की थी और यहां हवाई पट्टी बनाने के लिए प्रशासन ने मन भी बना लिया था लेकिन कलेक्टर जीबी पाटील का ट्रांसफर होने के बाद यह कवायद भी धरी के धरी रह गई।

# बंधाली के पास स्कॉर्पियो ने मारी टक्कर,तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



रविवार को बंधाली गांव के पास एक सवारी से भरे ओटो को स्कॉर्पियो गाड़ी ने टक्कर मार दी जिससे तीन लोग घायल हो गए हालांकि घायल ऑटो में बैठी सवारियां थी लेकिन स्कॉर्पियो भी अनियंत्रित होकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। ऑटो ड्राइवर जफर खान ने बताया कि वह दो सवारियों को लेकर श्योपुर से आवदा जा रहे थे कि रास्ते में बंधाली गांव के पास पीछे से आ रही स्कार्पियो गाड़ी ने ऑटो में टक्कर मार दी जिससे ऑटो खेत में जाकर पलट गया। ड्राइवर के अनुसार स्कॉर्पियो को चलाने वाले नाबालिक लड़के थे जो जिनके कारण स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पत्थरों की टकरा गई गाड़ी में सवार नाबालिक लड़के तो भाग गए लेकिन आवदा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्कॉर्पियो को अपने कब्जे में ले लिया और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचा दिया, दो घायल आदिवासी पति पत्नी हैं।

#### सिंधी पंचायत के चुनाव आज, 2 प्रत्याशी मैदान में

**बीना।** सिंधी पंचायत कार्यकारिणी 2025 के चुनाव आज सिंधी धर्मशाला में होंगे। चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए 2 प्रत्याशी एवं सदस्य के लिए 28 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। मतदान के बाद रिजल्ट की घोषणा की जाएगी। निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए मुकेश रोहरा, अनिल धामेजा एवं मूलचंद लेखवानी को चुनाव प्रभारी बनाया गया है। चुनाव प्रभारी मुकेश रोहरा ने बताया कि सिंधी पंचायत कार्यकारिणी 2025 के लिए आज चुनाव होंगे। चुनाव सुबह 8 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक होंगे। उसके एक घंटे के बाद शाम 6 बजे से मतगणना की जाएगी और रिजल्ट घोषित किया जाएगा। मतदान बैलेट पेपर से होंगे। अध्यक्ष एवं 15 सदस्य चुने जाएंगे- चुनाव प्रभारी मुकेश रोहरा ने बताया कि एक अध्यक्ष एवं 15 सदस्यों के लिए चुनाव हो रहे है। करीब 900 मतदाता अपने अध्यक्ष एवं सदस्यों का चयन करेंगे। अध्यक्ष पद के लिए दिलीप मेठवानी एवं संतोष बाधवानी चुनाव मैदान में है। वहीं सदस्य पद के लिए 28 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं।

### श्योपुर जिले को मिली 11 नई गाडियां, एसपी बोले जल्द शुरू होगा संचालन

# अब 'डायल 100' की जगह दौड़ेंगी 'डायल-112', जरूरतमंदों को तुरंत मिलेगी इमरजेंसी हेल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

लोगों को जरूरत पडने पर पुलिस की मदद उपलब्ध कराने के लिए जिले की सडकों पर अब डायल 100 की जगह पर डायल 112 की चमचमाती गाडियां दौडती नजर आएगी और पहले की तुलना में पुलिस की मदद अब और जल्द मिल सकेगी। क्योंकि 15 अगस्त को सीएम डॉ मोहन यादव ने इस नई सेवा का शुभारंभ करते हुए जिलेवार डायल 112 के तहत नई गाडियों को आंवटित कर दिया है। इसी क्रम में श्योपुर जिले को भी डायल 112 के तहत 11 नई चमचमाती गाडियां मिल गई है। फिलहाल ये गाडियां पुलिस लाइन में रखवाई गई है। इस मामले में एसपी वीरेन्द्र जैन का कहना है कि श्योपुर पहुंची डायल 112 की नई गाडियों में मौजूद सुविधाओं को एक्टिव किया जा रहा है। जल्द ही इन गाडियों को लोगो की मदद के लिए जिले की सडकों पर उतार दिया जाएगा।




#### भेजी थी 17 की डिमांड, मिले 11 वाहन

फिलहाल श्योपुर जिले में डायल 100 के 10 वाहन जरूरतमंदो को पुलिस की मदद उपलब्ध कराने के लिए दौड रहे है, इनमें ज्यादातर वाहन खटारा स्थिति में पहुंच गए है। लेकिन ये 10 वाहन जिले के लिहाज से कम पड रहे है। इसलिए पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन ने डायल 112 की नई सेवा के तहत 17 वाहन उपलब्ध कराए जाने की डिमांड पुलिस मुख्यालय की ओर भेजी गई है। हालांकि श्योपुर जिले को डायल 112 के तहत 11 वाहन की उपलब्ध कराए गए है। लेकिन उम्मीद की जा रही है कि कुछ वाहनों की उपलब्धता आगामी दिनों में श्योपुर जिले को हो सकती है।

पुलिस विभाग के सूत्रों के मुताबिक डायल 112 के तहत श्योपुर जिले को 11 गाडियां मिली है,इनमें 8 नई बोलेरो नियो और 3 महिन्द्र स्कॉर्पियों एन शामिल है। पुलिस लाइन में रखवाए गए इन नए वाहनों में लाइव लोकेशन, नेविगेशन और हाई-स्पीड कनेक्टिविटी जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। जिससे रिस्पांस टाइम में तेजी लाई जा सकेगी। दावा किया जा रहा है कि डायल 112 की नई सेवा के तहत मिली गाडियों की मदद से अब पुलिस शहरी क्षेत्रों में 10 से 15 मिनट और ग्रामीण क्षेत्रों में 20 से 25 मिनट के अंदर घटनास्थल पर पहुंच सकेगी।

#### डायल 112 वाहन एंबुलेंस की भांति करेगा काम

कई बार एंबुलेंस आने में देरी हो जाती है, जिससे घायल व्यक्ति को बचाना मुश्किल हो जाता है। लेकिन अब डायल 112 एंबुलेंस का काम भी करेगी। डायल 112 में लाइव जीपीएस ट्रेकिंग होगा. पुरानी डायल 100 में जीपीएस सिस्टम नहीं था. लेकिन नई गाड़ियों में लाइव जीपीएस सिस्टम है। जिससे उन्हें ट्रैक किया जा सकेगा कि गाड़ी कितनी देर में मदद को पहुंच पा रही है या ट्रेकिंग के समय वह किस स्पॉट पर उपलब्ध है। पुलिस विभाग के अधिकारियों की माने तो अब व्यक्ति को नंबर लगाने पर ज्यादा देर तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि ऐसी व्यवस्था की गई है कि नया कंट्रोल रूम 100 कॉल एक साथ ले सकेगा। इसके लिए 100 कॉल ट्रैकर्स और 30 डिस्पैचर के साथ काम करेगा। नए सिस्टम में इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है. कॉलर्स की गोपनीयता बनी रहे. इसके लिए कॉल मास्किंग की सुविधा भी दी जाएगी।

#### इनका कहना है...

डायल 112 की नई सेवा के तहत नए वाहन आ गए है। जो कई तरह की आधुनिक सुविधाओं से लैस है। फिलहान वाहनों में मौजूद सुविधाओं को एक्टिव किया जा रहा है। जैसे ही सुविधाएं एक्टिव हो जाएगी,वैसे ही इन्हें आमजन की मदद के लिए सडक पर उतार दिया जाएगा। देहात क्षेत्र में डायल 112 का एक नया प्वाइंट भी बनाया जाएगा।

**वीरेन्द्र जैन**
**एसपी,श्योपुर**

### मानपुर थाना क्षेत्र का मामला, क्रॉस एफआईआर दर्ज

# शंकरपुर गांव में खेत में चाटी चलाने की बात पर भिड़े दो पक्ष, सात घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मानपुर थाने के अधीन आने वाले गांव शंकरपुर में खेत में चाटी चलाने की बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ गया कि दोनों पक्षों के बीच लाठी और संबल चल गए। जिसमें दोनो तरफ से एक महिला समेत सात लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस ने इस मामले में मारपीट का क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है। मानपुर टीआई पीएस यादव ने बताया कि ग्राम शंकरपुर निवासी राममुकुट मीणा और राजू उर्फ विजयकुमार मीणा के परिवार के लोगों के बीच शनिवार को खेत में चाटी चलाने की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के दौरान एक तरफ से कमलेश मीणा, रामलखन, राममुकुट तथा महिला रामश्री बाई घायल हो गए। वहीं दूसरी तरफ से राजू उर्फ विजय कुमार, भगवान और लवकुश जख्मी हो गए। इस मामले में राममुकुट मीणा की रिपोर्ट पर रामरूप, भगवान, राजू, लवकुश तथा राजू उर्फ विजय कुमार की रिपोर्ट पर रामलखन, शंकर, राममुकुट के खिलाफ मारपीट की धाराओ में क्रॉस केस दर्ज कर लिया है।

# विहिप ने मनाया स्थापना दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विश्व हिंदू परिषद बजरंगदल की जिला स्तरीय बैठक श्योपुर के एक रिसोर्ट में आयोजित हुई। जिसमें उपस्थित कार्यकर्ताओं ने विहिप का स्थापना दिवस मनाते हुए संकल्प लिया कि गांव गांव तक संगठन की स्थापना दिवस मनाएंगे।इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित संगठन मंत्री राजा सिसोदिया ने विश्व हिंदू परिषद की स्थापना के उद्देश्य एवं उपलब्धियां पर प्रकाश डालते हुए संगठन के 60 वर्ष के कार्य ओर हिंदू समाज में संगठन की भूमिका के बारे में विस्तार से कार्यकर्ताओं को बताया। बैठक में प्रांत की मातृशक्ति संयोजिका अनीता सिकरवार, विभाग सह संयोजक कुलदीप सिसोदिया, जिला अध्यक्ष दीपक गर्ग, जिला उपाध्यक्ष विष्णु गर्ग, जिला मंत्री संजू शर्मा, जिला सह संयोजक विशंभर राजपूत ,महावीर शर्मा जिला सेवा प्रमुख अवधेश शर्मा बैठक में उपस्थित रहे।

#### हितग्राहियों को समझाइश दी, 15 सितंबर तक बनाएं आवास

श्योपुर।कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में पीएम जनमन योजना के तहत स्वीकृत आवास निर्माण के कार्यो को 15 सितंबर तक पूर्ण कराये जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में आज सीईओ जनपद श्योपुर एसएस भटनागर तथा जनपद में आवास योजना के प्रभारी सहदेव माथुर द्वारा विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम मकडावदा कलां में आवास हितग्राहियों को समझाइश दी गई। इस अवसर पर पीएम जनमन योजना के तहत स्वीकृत आवास हितग्राहियों से डोर टू डोर संपर्क किया गया, साथ ही पंचायत भवन में सभी हितग्राहियों के साथ बैठक करते हुए अवगत कराया कि सभी को अपने आवास 15 सितंबर तक पूर्ण करना है। उन्होने बताया कि आवास के स्तर के अनुसार किस्त की राशि तत्काल ही पोर्टल के माध्यम से खाते में भेजी जा रही है, इसलिए सभी हितग्राही अपने-अपने आवास शीघ्रता से पूर्ण करने का कार्य करें, सभी को अपना आवास 15 सितंबर तक पूर्ण करना है।